



## खबर संक्षेप

### लूटपाट करने वाला युवक धरा गया

**भिलाई।** चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि फरीदनगर मैदान के पास होटल में काम करने जा रही महिला से चाकू की नोंक पर लूटपाट करने की घटना हुई थी। महिला की शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही। सूचना पर पुलिस ने संदेही आकाश चौहान उर्फ झटका को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर महिला से लूटपाट करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से लूट की गई सम्पत्ति को बरामद की गई।

### नाबालिग से छेड़खानी आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** नाबालिग से छेड़खानी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि रैश्ने आवास सुपेला निवासी महिला ने शिकायत किया है कि सन्नी उनकी नाबालिग बेटियों के साथ छेड़खानी करता था। गंभीरता से लेते हुए आरोपी सन्नी डोंगरे पुलिस ने गिरफ्तार किया।

### धान के खेत में बारूद का ढेर, कई मजदूर मलबे में दबे

# तबाही का सबब बनी पिरदा की बारूद फैक्ट्री

*शनिवार सुबह समूचा बोरसी मुरमुंदा इलाका थर्रा उठा। एक के बाद एक हुए चार धमाकों ने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया। धान खेती की जमीन पर की जा रही बारूद की खेती ने 10 जिंदगियां निगल ली। बेमेतरा जिले के बोरसी गांव के खार में 20 साल से संचालित होती आ रही बारूद फैक्ट्री आज शनिवार को तबाही का सबब बन गई। इन धमाकों और दस मौतों ने शासन प्रशासन की भी कलई खोल दी है। बारूद फैक्ट्री बोरसी खार में सालों से संचालित होती आ रही है। छत्तीसगढ़ में खार कृषि कार्य के लिए उपयोग किए जाने वाले खेतों के समूह को कहा जाता है। इसका मतलब है कृषि जमीन का औद्योगिक प्रयोजन में बेधडक इस्तेमाल किया जाता रहा है। वह भी खतरनाक श्रेणी की बारूद फैक्ट्री के लिए।*

जेएम तांडी ▶▶ भिलाई

फैक्ट्री स्थापना के लिए जो 400 एकड़ जमीन खरीदी गई, वह किसानों की ही थी। आखिर इतने विशाल रकबे वाली जमीन की रजर्स्ट्री उद्योगपति के नाम पर कैसे और किस प्रयोजन के लिए की गई? यह बड़ा मसला है और जांच का विषय भी। क्या अविभाजित दुर्ग जिला प्रशासन ने इस पर ध्यान नहीं दिया? 20 साल पहले बोरसी और उसके आसपास के तमाम गांव दुर्ग जिले में ही थे। अलग बेमेतरा जिला बनने के बाद ये सारे गांव बेमेतरा जिले के हिस्से में चले गए। यानि जमीन की खरीदी बिक्री और रजिस्ट्री दुर्ग जिले में ही हुई थी। तबके राजस्व विभाग के अधिकारियों ने जमीन के इस सौदे पर निगाह क्यों नहीं डाली और जमीन की रजिस्ट्री आसानी से कैसे हो जाने दी? ये तमाम सवाल दुर्ग जिला प्रशासन को तो कटघरे में खड़े कर ही रहे हैं, बेमेतरा जिला प्रशासन की भूमिका पर भी उंगली उठा रहे हैं। बेमेतरा जिले में खतरनाक श्रेणी की बारूद फैक्ट्री निर्बाध चलती रही और बेमेतरा के प्रशासनिक अधिकारियों ने इस ओर ध्यान क्यों नहीं दिया। धान के खेतों में बारूद की खेती होती रही। वहां पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं थे और न ही फायर फाइट सिस्टम के माकूल इंतजाम। फिर भी अफसरों ने फैक्ट्री पर अंकुश लगाने की जरूरत नहीं समझी। अगर अफसरों ने अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाई होती तो बारूद की खेती में आज मौतों की फसल उग नहीं पाती।




### ताजा हो गई हरदा की याद

कुछ माह पहले मध्यप्रदेश के हरदा जिले में हुई दर्दनाक घटना की याद आज बोरसी खार की घटना ने ताजा कर दी। हरदा की पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट ने कई जिंदगियां छीन ली थी। वहां पटाखा फैक्ट्री भी छत्तीसगढ़ के बोरसी खार की बारूद फैक्ट्री की तरह ही रिहायशी क्षेत्र में संचालित थी। बोरसी की बारूद फैक्ट्री में हुए चार भीषण धमाकों की गूंज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई देती रही। आसपास के गांवों के लोग दहशत में आकर इधर उधर भागते नजर आए। ग्रामीण अभी भी खौफ के साये में हैं और फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ उनमें तीव्र आक्रोश भी देखा जा रहा है। यह आक्रोश बारूद की तरह ही विस्फोटक रूप ले सकता है किसी भी क्षण। यही वजह है कि मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### चाय पीते समय हुआ धमाका



ग्राम पिरदा निवासी हीरालाल देवास ने बताया कि उक्त जमीन को पहले कृषि भूमि के नाम रखा गया था। उसके बाद बारुद की फैक्ट्री बना दी गई। शनिवार की सुबह जब धमाका हुआ उस समय घर पर बैठकर चाय पी रहा था। धमाके से घर समेत आसपास के क्षेत्र में बिजली गुल हो गई। इसके अलावा घर का टीवी भी उड गया। धमाका से संदेह हुआ कि कोई फटाखा फोडा होगा। लेकिन 8 बजे फैक्ट्री से कॉल आने पर पता चला कि ब्लास्ट हुआ है।

### यहां का पानी पीना भी मुश्किल



ग्रामीण संजू देवदास ने बताया कि इस बारुद फैक्ट्री में कार्यरत श्रमिकों को सुरक्षा के नाम पर सिर्फ नेपकीन दिया जाता है। सुरक्षा के नाम पर किसी भी प्रकार का व्यवस्था अपडेट नहीं है। मैने भी 13 साल पहले यहां काम कर चूका हूं। कृषि जमीन पर खेत के खार में बारुद की फैक्ट्री लगाई गई लेकिन पूरी तरह से ग्रामीणों के भविष्यों से खिलवाड किया गया। बारुद की फैक्ट्री खुलने से हम लोग यहां का पानी तक नहीं पी पाते है। पीने के टैंकर से पानी मंगाया जाता है।

### धमाके से फैक्ट्री में धुंआ-धुंआ



श्रमिक महेश यादव ने बताया कि बारुद फैक्ट्री में धमाके से चारों ओर धुंआ ही धुंआ दिख रहा था। फैक्ट्री में कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। थोडो देर के लिए कान सन्न हो गया था। आवाज तक नहीं आ रहा था। हमलोग बायलर में कुछ विस्फोट होना समझ रहे थे। बाहर आकर निकले तो नजारा कुछ और था। धमाके से गांव समेत आसपास के क्षेत्र के लोग सहम गए। पहली बार इतना बड़ा हादसा हुआ है।




# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 26 मई 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129





14
स्टंट मैजिक अंडर वाटर डेथ चैलेंज देख...


## सिटी इवेंट

## अमलेश्वर में कल से शिवमहापुराण कथा, ट्रैफिक एडवाइजरी जारी



**भिलाई।** अमलेश्वर जिला दुर्ग में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. श्री प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कथा आयोजन 27 मई से 2 जून तक आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए यातायात पुलिस ने रोड मैप बनाकर एडवाइजरी जारी की है। कथा स्थल थाना अमलेश्वर के सामने मुख्य मार्ग से लगा हुआ है। सामान्य दिनों में इस मार्ग मे यातायात सामान्य रहता है परंतु शिव महापुराण कथा के दौरान लाखो की भीड़ को देखते हुये यातायात पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं की सुगमता व यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए दुर्ग, भिलाई,रायपुर शहर की ओर से कथा स्थल तक आने-जाने के लिए मार्ग, पार्किंग एवं डायवर्सन प्लान तैयार निर्धारित किया गया है। यातायात पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि असुविधा से बचने के लिए कथा स्थल अमलेश्वर आने-जाने के लिए दिए गए मार्गो का उपयोग करे। कथा सुनने आने मालवाहक वाहन में यात्रा ना करे। शिवमहापुराण कथा के दौरान पूरे क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्ण रुप से प्रतिबंधित रहेगा।



### असुविधा से बचने इन मार्गों का करें उपयोग

जिसमें टाटीबंध, कुम्हारी की ओर से आने वाले वाहन चालक कुम्हारी कैवल्यधाम परसदा, मगरघटा, भोथली, आम बगीचा में पार्किंग करेंगे। वहां से कथा स्थल तक पैदल जाना होगा। सिरसा गेट, भिलाई 3 की ओर से आने वाले वाहन चालक सिरसा गेट चौक, सिरसा कला, नारधी, औरी, अमलीडीह, मोतीपुर, ग्रीन अर्थ सिटी के सामने व आमबगीचा में पार्किंग करेंगे। पाटन की ओर से आने वाले वाहन चालक पाटन, तुलसी, खुडमुड़ी, सिकोला, झीट, कोपेडीह, अमलेश्वर डीह में पार्किंग, भाटागांव रायपुर से आने वाले चालक भाटागांव चौक, काठाडीह मार्ग खुडमुड़ा पुल ग्राम उफरा में पार्किंग, खुड़मुड़ा की ओर से आने वाले दो पहिया वाहन चालक भोजनालय के सामने बाईक पार्किंग में वाहन खड़ा करेंगे। वीवीआईपी पासधारी वाहन अपने वाहन कथा स्थल मंच के पीछे पार्किंग में वाहन खड़ा कर सकेंगे। वीआईपी पासधारी आत्मानंद स्कूल ग्राउंड पार्किंग में वाहन खड़ा करेंगे।

## लाइव इवेंट

## दुरांचल क्षेत्रों से बनेगी अन्य राज्यों के साथ कनेक्टिविटी



**भिलाई।** चेंबर की मांग पर जगदलपुर के लिए 1 जून से विमान सेवा शुरू हो जाएगी। जिसके लिए चेंबर ने नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का धन्यवाद किया। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि चेंबर की मांग पर जगदलपुर के लिए 1 जून से सीधी विमान सेवा शुरू होने जा रही है। चेंबर ने इस पहल के लिए नागरिक एवं उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व में चेंबर ने नागरिक उड्डयन मंत्री को जगदलपुर विमान सेवा शुरू करने के लिए ज्ञापन सौंपा था ताकि घरेलू एवं अंतर्राज्यीय उड़ानों की संख्या में वृद्धि हो तथा प्रदेश में बढ़ रहे हवाई यात्रियों को भी इसका लाभ मिले। इस पहल से छत्तीसगढ़ राज्य के दुरांचल में स्थित जगदलपुर (बस्तर) का प्रदेश एवं अन्य राज्यों के साथ कनेक्टिविटी बढ़ेगी। ऐसे में बिलासपुर-जगदलपुर के लिए फ्लाइट शुरू होना शहरवासियों के लिए काफी बेहतर साबित होगा। बिलासपुर और रायपुर के बाद जगदलपुर के लिए टूरिज्म की संभावना काफी अधिक है। क्योंकि जगदलपुर प्राकृतिक और सांस्कृतिक विविधता से भरा हुआ है। बिलासपुर से जगदलपुर के लिए फ्लाइट शुरू होने से इसे बढ़ावा मिलेगा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्र, शिवराज शर्मा, विनय सिंह, शंकर सचदेव, सुधाकर शुक्ला, चिन्ना राव, अखराज ओस्तवाल, भूषण अदलखा और सुनील मिश्रा सहित सभी व्यापारियों ने इस कार्य के लिए आभार व्याक्त किया।

- जगदलपुर के लिए 1 जून से विमान सेवा शुरू
- चेंबर ऑफ कॉमर्स ने उड्डयन मंत्री का माना आभार

● ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का सदुपयोग कर बच्चें सीख रहे विभिन्न खेलों की बारीकियां

# स्पेशल कोच दे रहे 25 खेलों का प्रशिक्षण, ग्रीष्मकालीन खेलों का सुबह-शाम सैकड़ों बच्चे ले रहे हैं लाभ

भिलाई। बीएसपी के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा स्कूली बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजन 10 मई से 10 जून तक किया गया है। जिसमें बच्चें विभिन्न खेलों में पारंगत होने सभी बारीकियों को विशेष प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सीख रहे है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत भिलाई टाउनशिप और आसपास के बीएसपी और गैर-बीएसपी स्कूलों के कई बच्चों तथा युवा बालक और बालिकाओं को भिलाई के 41 खेल परिसरों, स्कूल हॉल और खेल मैदानों में विशेषज्ञ खेल प्रशिक्षकों द्वारा 25 खेलों में प्रशिक्षित किया जा रहा है।10 मई से 10 जून तक आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में सौ से अधिक विशेषज्ञ कोच और प्रशिक्षकों द्वारा महीने भर से खेल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जो क्रीडा, सांस्कृतिक और नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा शिक्षा विभाग तथा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया है।

### 10 जून को होगा एक महीने तक चलने वाले शिविर का समापन



### सभी वर्ग के बच्चों का शिविर से मिलाता है लाभ

बच्चों ने बताया कि प्रतिवर्ष इस शिविर का लाभ सभी वर्गो के बच्चे लेते है। लेकिन यह शिविर कमजोर तबके के खिलाड़ी बच्चों के लिए संजीवनी साबित होता है। जहां आर्थिक रुप से कमजोर बच्चें विशेषज्ञ कोच दवरा खेल का प्रशिक्षण लेकर खेल की बारिकियों को सीखते है और जिला से लेकर राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के काबिल बनते है। महीने भर चलने वाले प्रशिक्षण शिविर में शामिल 25 खेलों में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, कराटे, जूडो, टेनिस, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, योगा, खो–खो, कबड्डी, पावरलिफ्टिंग, साइकिल पोलो, जिम्नास्टिक, फेंसिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन और कुश्ती में बच्चों को प्रशिक्षित किया जाएगा।



### विभिन्न खेलों में बालक-बालिका ले रहे प्रशिक्षण

वर्तमान में खेलों के प्रति बच्चों का रुझान बढ़ा है। पिछले वर्ष 2023 में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में 120 विशेषज्ञ कोच और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में 728 बालिकाओं सहित 2580 बच्चों ने भाग लिया था। इस वर्ष एक महीने तक चलने वाले ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के तहत वर्तमान में 169 बच्चे फुटबॉल का प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिसमें पंत स्टेडियम के फुटबॉल काम्प्लेक्स में 74 लड़के और फुटबॉल ग्राउंड, सेक्टर-9 में 95 बच्चे (90 बालक और 5 बालिका) शामिल हैं। वॉलीबाल प्रशिक्षण वर्ग में 51 बालक और 39 बालिकाओं सहित कुल 90 बच्चे इस्पात क्लब खुर्सीपार ग्राउंड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। 19 बच्चे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सेक्टर-4 में खो-खो का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण शिविर के तहत कुल 40 बच्चे विभिन्न स्थानों पर बाक्सिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं तथा 28 बच्चे सेक्टर 4 स्थित जूडो क्लब में जूडो का प्रशिक्षण ले रहे हैं। पंत स्टेडियम और खुर्सीपार के कबड्डी ट्रेनिंग कैंप में 57 बच्चों तथा बीएसपी टेनिस काम्प्लेक्स, सिविक सेंटर, भिलाई में 45 बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## फुटबॉल, कबड्डी, जूडो, शतरंज व वेट लिफ्टिंग की सीखी बारीकियां, उत्कृष्ट खिलाड़ी हुए पुरस्कृत



**भिलाई।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविघालय दुर्ग के तत्वावधान में समर कैम्प का आयोजन किया गया था। जिसका समापन शनिवार को किया गया। ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण शिविर में कुल 10 खेल विधाओं का प्रशिक्षण निशुल्क दिया गया। फुटबॉल, बॉलीबाल, बास्केट बाल, कबड्डी, जूडो, कुश्ती, शतरंज, पावर लिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग का निशुल्क प्रशिक्षण सभी को दिया गया। इस दौरान विजय भारत बिषट, जावेद कुरैशी, विनय जनबंधु, मिथिलेश, पीलूराम, नम्रता पटेल, दुर्गा जंघेल एवं क्षेत्रपाल तथा जिम प्रशिक्षक, पप्पू निषाद द्वारा सभी खेलों का प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें 13 लेकर 23 वर्ष के खिलाड़ियों को इन खेल की बारीकियों से अवगत कराया गया। समर कैंप के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि महविद्यालय के क्रीड़ा समिति संयोजक डॉ अभिनेष सुराना, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी, डॉ नरेश धर दीवान, महविद्यालय क्रीड़ा समिति सदस्य डॉ राकेश तिवारी उपस्थिति थे। मुख्य अतिथि डॉ अभिनेष सुराना ने खिलाड़ी को समर कैम्प के महत्व व खेल को अच्छे से अनुशासित तरीके से खेलने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम सिद्धकी ने 15 दिवसीय समर कैम्प को सफलता पूर्वक करने के लिए क्रीड़ा अधिकारी लक्षमेद्रं कुलदीप व समस्त प्रशिक्षक, खिलाड़ी बालक और बालिकाओं को शुभकामनाएँ दी।

18वीं एशियन जूनियर बालक हैंडबाल चैंपियनशिप का आयोजन 14 जुलाई से

## जूनियर बालक हैंडबॉल टीम का चयन स्पर्धा 1 को



**भिलाई।** एशियन हैंडबाल फेडरेशन द्वारा 18वीं एशियन जुनियर बालक हैंडबाल चैम्पियनशिप का आयोजन अम्मान, जॉर्डन में 14 से 26 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त चैम्पियनशिप में हैंडबाल एसोसियेशन इंडिया की भारतीय जुनियर बालक वर्ग की टीम भाग लेगी। उक्त चैम्पियनशिप में भाग लेने पूर्व हैंडबाल एसोसियेशन इंडिया द्वारा भारतीय हैंडबाल टीम के गठन के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन 1 जून को सवाईमान सिंह स्टेडियम, जयपुर (राजस्थान) में आयोजित की गई है। चयन स्पर्धा में भाग लेने के लिए हैंडबाल एसोसियेशन इंडिया से मान्यता प्राप्त देश के विभिन्न राज्य हैंडबाल संघों से विभिन्न राज्यों के उत्कृष्ठ जुनियर बालक हैंडबाल खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है।

### चयन स्पर्धा में भाग लेने के लिए ये है नियम

- चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले जुनियर बालक खिलाड़ियों की आयु 19 वर्ष से कम जिसका जन्म 1 जनवरी 2004 या उसके बाद की होनी चाहिये।
- चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पासपोर्ट की मूल प्रति सहित अपनी उपस्थिति देना अनिवार्य है। पासपोर्ट की वैधता कम से कम फरवरी 2025 या उससे अधिक होनी चाहिये। पासपोर्ट की मूलप्रति नहीं लाने की स्थिति में चयन स्पर्धा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
- 0 चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 31 मई की संध्या या 1 जून को प्रात: 6 बजे तक अपनी उपस्थिति सवाईमान सिंह स्टेडियम, जयपुर (राजस्थान) में देनी होगी। उपरोक्त चयन स्पर्धा में भाग लेने के पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य की जुनियर बालक हैंडबाल टीम के खिलाड़ियों के चयन के लिए 27 मई को संध्या 5 बजे चयन स्पर्धा आयोजित की गई है।
- चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ से मान्यता प्राप्त राज्य के विभिन्न जिला हैंडबाल खेल संघों से दो–दो उत्कृष्ठ खिलाड़ी वैलिड पासपोर्ट सहित अपनी–अपनी उपस्थिति देनी होगी। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ियों का पंजीयन शुल्क रुपये 500 भुगतान करना होगा।

### सरयूपारीण ब्राह्मण समाज का आयोजन

# सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के सदस्यों की ब्रम्हप्रकाश में मिलेगी जानकारी, 2 को होगा पत्रिका का विमोचन

कार्नर न्यूज

भिलाई। सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की सामाजिक पत्रिका ब्रम्हप्रकाश का विमोचन 2 जून को किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय होंगे। आयोजन की तैयारी को लेकर समाज के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक समाज के भवन स्मृति नगर स्थित ब्रह्मा प्रकाश भवन में आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने किया। समाज के महासचिव रामलखन मिश्रा ने कहा कि समाज की वार्षिक आम सभा एवं ब्रह्मा प्रकाश पत्रिका का विमोचन 2 जून की सुबह 10 बजे से साई मंगल भवन, साईबाबा मंदिर सेक्टर 6 किया जाएगा।



### विवाह योग्य युवक-युवती व समाज के सदस्यों की मांगी विस्तृत जानकारी

आयोजन में 2022-23 का वार्षिक आय-व्यय का ब्योरा, प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।
इसके साथ ही समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश का विमोचन छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय एवं पद्मश्री सुरेंद्र दुबे द्वारा किया जाएगा। बैठक के दौरान समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि ब्रम्हप्रकाश पुस्तक का विमोचन प्रतिवर्ष समाज के लोगों के सहयोग से किया जाता है। जिसमें विवाह योग्य युवक- युवती व समाज के सदस्यों की विस्तृत जानकारी दी जाती है। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से आयोजन में उपस्थित होने अपील की।

### बैठक में ये हुए शामिल

बैठक के अंत में समाज के सदस्य त्रिभुवन पांडे एवं अन्य सदस्य के निधन पर दो मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस बैठक मे प्रभुनाथ मिश्रा, रामलखन मिश्रा, नागेंद्र पांडेय पत्रिका प्रकाशन प्रभारी, दिनेश त्रिपाठी, रामविलास मिश्रा, जगत नारायण तिवारी, चंद्रशेखर पांडेय, दिनेश प्रसाद मिश्र, सुभाष चंद्र तिवारी, वीरेंद्रनाथ पांडेय, रविंद्र शुक्ला, कैलाश पाठक, नर्मदा प्रसाद मिश्र, राधा कृष्ण पांडे, सुनील मिश्रा, दीपक मिश्रा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

सिटी इवेंट

## बीपी, शुगर के निःशुल्क जांच शिविर का मरीजों ने लिया लाभ



**भिलाई।** सेल-बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम पऊवारा में शनिवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस शिविर में कुल 44 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया। ग्राम पंचायत भवन में ही शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पऊवारा आयोजित चिकित्सा शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से डॉ. सरस्वती, बीपी व शुगर परीक्षण करने शुसन, फार्मासिस्ट एएस गौर, पंजीकरण करने शंभू तथा सीएसआर विभाग से महारा राम उपस्थित थे। शिविर में सामान्य जांच के साथ मुफ्त दवा का वितरण भी किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस–पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। सेल, भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। बीएसपी द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर का उद्देश्य गांव के अंतिम व्यक्ति तक चिकित्सा का लाभ पहुंचाना है। वहीं भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन संयंत्र के अंतर्गत के क्षेत्रों में

- बीएसपी सीएसआर द्वारा पऊवारा में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

हेल्थ लाइव

## सफलता का मूलमंत्र स्वस्थ तन और निरोगी काया



**भिलाई।** प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। स्वस्थ मन व निरोगी काया का संदेश देने आरोग्यम हॉस्पिटल में महिला के कूल्हे के जोड़ को बदला गया। जो पिछले लगभग सात महीने से बिस्तर पर थी। आर्थराइटिस के कारण वह अपना दाहिना पैर बिल्कुल भी हिला नहीं पाती थी। जांच करने पर पता चला कि कूल्हे का जोड़ पूरी तरह नष्ट हो गया है। महिला की राइट हिप टोटल रिप्लेसमेन्ट सर्जरी कर दी गई। नतीजे अच्छे रहे और दूसरे दिन वे चलने फिरने लगीं। आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अनुराग चन्द्राकर ने बताया कि अधिक वजन जोड़ों के लिए हमेशा घातक होता है। 49 वर्षीया इस महिला का वजन सौ किलो से भी काफी ज्यादा था। यह भी एक बड़ी चुनौती थी। पहले वजन को काबू करने की कोशिशें शुरू की गईं। जब वजन सौ किलो से कम हो गया तब टोटल हिप रीप्लेसमेंट सर्जरी प्लान किया गया। सर्जरी पूरी तरह सफल रही और महिला दूसरे ही दिन बिस्तर से उठ कर खड़ी हो गई। महिला ने बताया कि बिस्तर में पड़े-पड़े किसी और से अपने काम करवाना काफी दुखदायी था। अब वह स्वयं अपने सारे काम कर पा रही है, इस बात की खुशी है। हंसते हुए वे बताती हैं कि उन्हें खाने का बहुत शौक है पर अब वे अपने वजन का ध्यान रखेंगी क्योंकि इसके साइड इफेक्ट से उनका वास्ता पड़ चुका है। उन्होंने बताया कि अब वह आराम से खड़ी हो पा रही हैं और सहारा लेकर धीरे-धीरे चल भी पा रही हैं, दर्द बिल्कुल भी नहीं है।

- आरोग्यम हॉस्पिटल में हुआ टोटल हिप रिप्लेसमेन्ट सर्जरी

भिलाई में जादूगर सम्राट अजूबा के शो का भव्य उद्घाटन

# स्टंट मैजिक अंडर वाटर डेथ चैलेंज देख दर्शक हुए चकित, हास्य जादुई करतबों पर लगे ठहाके

**भिलाई।** जादूगर जादूगर आएगा,, किसी को समझ नही आएगा,,, इस पुराने फिल्मी गीत को सभी दर्शकों ने याद किया जब लड़की को मंच पर बुलाकर हवा में झुलाया गया, तो कभी सुंदर सी लड़की को खूंखार गोरिल्ला बनाकर जादूगर ने सभी को हतप्रभ कर दिया। कई हास्य भरे जादुई करतबों पर खूब ठहाके लगे तो दुनियां के सबसे खतरनाक स्टंट मैजिक अंडर वाटर डेथ चैलेंज एक्ट दिखाकर जादूगर ने सभी की चकित कर दिया। शुक्रवार को यह नजारा सेक्टर 5 के आंध्रा भवन में जादूगर सम्राट ने यह अजूबा दिखाया।





### मैजिक में दिया संदेश

यह शो कई जन संदेशों से भरा था जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशे से दूर रहे, अपराध ना करने जैसे अनेक संदेश भरे करतब को दर्शकों ने बेहद सराहा। शो प्रबंधक रुद्र प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार से यहां ऐसे ही अचरज में डाल देने वाले रोजाना तीन शो 1 बजे, 4 बजे और संध्या 7 बजे से दिखाए जा रहे है। जिसका टिकट हॉल पर सुबह 10 बजे से मिलेगा। ऑनलाइन टिकट से एडवांस में भी लिया जा सकता है। इस जादू के शो को देखने सभी आयु वर्गो के लोगो में उत्साह दिखाई दिया।

### स्मृति चिन्ह देकर सभी अतिथियों का किया भव्य सम्मान



शुक्रवार की शाम को आंध्रा भवन सेक्टर 5 में जादूगर सम्राट अजूबा के विश्व प्रसिद्ध इंद्रजाल शो का भव्य आगाज हुआ। जैसे ही अतिथियों ने दीप जलाकर जादू शो का शुभारंभ किया, प्रेक्षागृह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजने लगा। जादूगर अजूबा ने अपने जादू से पुष्पहार पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सभी अतिथियों का भव्य सम्मान किया। हॉल पल-पल सम्मान में तालियों से गूंजता रहा, डिजीटल युग में ऐसा नजारा बहुत ही कम देखने को मिलता है। अपने संबोधन में अतिथियों ने जादूगर अजूबा के वर्षों की कला साधना, विज्ञान के प्रचार प्रसार और सामाजिक हित में चलाए जाने वाले उनके मैजिक की भरपूर सराहना करते हुए कहा कि भिलाई के लोगों को एक अच्छा कार्यक्रम दिखाने के लिए हम आभार व्यक्त करते हैं और हर शो हाउसफुल हो यही शुभकामनाएं देते हैं।

### पल-पल हुए एक चमत्कार

महानतम शोमैन द्वारा पल-पल एक नया चमत्कार और नए-नए बदलते ड्रेस में जादूगर का मंच पर आना सभी दर्शकों को रोमांचित और आनंदित कर दिया। इस दौरान कभी लड़की को मंच पर बुलाकर हवा में झुलाया गया तो कभी सुंदर सी लड़की को खूंखार गोरिल्ला बनाकर सभी को हतप्रभ कर दिया। कई हास्य भरे जादुई करतबों पर खूब ठहाके लगे तो दुनियां के सबसे खतरनाक स्टंट मैजिक अंडर वाटर डेथ चैलेंज एक्ट दिखाकर जादूगर ने सभी की चकित कर दिया।

## सौंदर्यीकरण



**भिलाई।** ट्विनसिटी के विभिन्न चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। जो भविष्य में लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेगा। जिसके अंतर्गत सेक्टर 5 चौक का सौंदर्यीकरण का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। *(फोटो संजय पांडेय)*

सीख रहे हैं विविध कलाएं

## समर कैंप में विद्यार्थियों को सेमी क्लासिकल नृत्य की दी जानकारी

**भिलाई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में लगातार पिछले कई वर्षों से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें डॉ. सरोज साहू के द्वारा नृत्य, रंगोली, मेहंदी, चित्रकला इत्यादि का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया जाता है। विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को बाहर लाने के लिए इस तरह की आयोजन किए जाते हैं।बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहें इसके लिए विभिन्न विधाओं को समर कैंप की एक्टिविटी में शामिल किया जाता है। डॉ सरोज के द्वारा सेमी क्लासिकल नृत्य के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न हस्त मुद्राओं एवं भावभंगिमा से परिचित कराया गया। विभिन्न रंगों को लेकर किस तरह जमीन पर एक सुंदर आकृति बनाई जा सकती है इसका प्रशिक्षण रंगोली के माध्यम से दिया गया। इसके अलावा विविध कलाएं चित्रकला और मेहंदी कला से भी विद्यार्थी परिचित हुए और उत्साह के साथ इन सभी विधाओं में भाग लिया। संपूर्ण कार्यक्रम में शाला प्राचार्य नीलमणि उजवने का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा।



// गुमशुदा //



नाम अंकुर प्रसाद पिता केदार प्रसाद उम्र- 31 वर्ष, निवासी- सेक्टर-4 क्वा नं. 24/C और D सड़क-27 भिलाई, हुलिया कद- 5.5" रंग सांवला, नीला शर्ट, काला फूल पेन्ट एवं सफेद रंग का चप्पल पहना है। हिन्दी बिहारी बोलता है। B.Tech तक पढ़ाई किया है।

कृपया जिस किसी सज्जन को यह मिले या दिखाई दे तो कृपा कर के इस नंबर पे सूचित करें। बताने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा।

सम्पर्क करें-
मो.- 8810365471
मो.- 9009085803

सेक्टर 2 में हुआ कथा का आयोजन

## माथे पर तिलक व शिखा जैसे सनातन प्रतीकों को नष्ट न होने दें: अनिकेत



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** कलिंगा समाज के तत्वावधान में सेक्टर 2 स्थित रामभद्र सेवा मंडल के पास सत्संग का आयोजन किया गया। जहां प्रवचन देते हुए अनिकेत कृष्ण महाराज ने कहा कि मानव जीवन के चार पुरुषार्थ होते हैं- धर्म, अर्थ, कर्म और मोक्ष। भगवान श्रीराम ने चारों पुरुषार्थों को सिद्ध किया है। जब-जब ब्राह्मणों, गौमाताओं, देवताओं, संतों और दीन-दुखियों पर संकट आएगा, श्रीराम अवतरित होंगे। उन्होंने उन दरबारों पर कटाक्ष किया, जिनमें पर्चे की चर्चा होती है। सनातन जागृति के लिए जिस सिद्धि और लीला को रामभक्त हनुमान ने प्रकट किया है, वही असली दरबार है।



### राजनैतिक हस्तियां रहीं मौजूद

सत्संग कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, अहिवारा के पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष नरेंद्र यादव, कोंटा के पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष प्रसाद शर्मा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गोपाल खंडेलवाल, राजेश अग्रवाल व्यापारिक प्रकोष्ठ, एमवी राव, अकमु नायडु, गणपति, अजय अग्रवाल, कलिंगा समाज अध्यक्ष ए गौरीशंकर, बीएसपी वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष उज्ज्वल दत्ता, डॉ एसके शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार हो रहा



उन्होंने ऐसे विधर्मियों से सजग रहने को कहा, जो सनातन धर्म को नष्ट करने के लिए माथे से तिलक साफ करने और शिखा काटने के उपाय करते हैं। ये दोनों सनातन धर्म की पहचान हैं, इन प्रतीकों को नष्ट न होने दिया जाए। उन्होंने कहा कि हमारे यहां ऐसे-ऐसे महात्मा हुए हैं, जिन्होंने भूत, भविष्य और वर्तमान जानने की सिद्धियां प्राप्त की हैं। उन त्रिकालदर्शियों के मुखारविंद से निकली वाणी कभी मिथ्या साबित नहीं हुई। ये विद्याएं आज भी जाग्रत हैं, जिनके माध्यम से सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार हो रहा है। वहीं सत्संग कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। भजन गायक करण द्विवेदी ने गणेश वंदना कर कई सुमधुर भजन प्रस्तुत किए।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### जिला अस्पताल में स्पाइन का किया गया सफल सर्जरी

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ कुलदीप सिंह एवं डॉ बसंत चौरसिया द्वारा 52 वर्षीया महिला चंद्रिका चंद्राकर का स्पाइन का सफल सर्जरी किया गया। मरीज को डिस्चार्ज भी कर दिया गया है। इस मरीज को सेवर सेंट्रल कैनाल स्टेनोसिस था। जिसकी वजह से राइट पैर में हमेशा दर्द रहता था और वह अपना पैर तक सीधा नहीं कर पाती थी। वहीं डॉ कुलदीप एवं डॉ बसंत द्वारा मरीज धनीराम का कार से एक्सीडेंट हो जाने से गर्दन की हड्डी टूट गई और उसके शरीर के निचले हिस्से ने काम करना बंद कर दिया था साथ ही दोनो हाथों में भी कमजोरी आ गई थी का ऑपरेशन किया गया और गर्दन की हड्डी में मेटल का केज लगाया गया। ये बहुत ही जटिल व खर्चीली सर्जरी है। वहीं जिला चिकित्सालय दुर्ग में डीएमएफ से एक्सपीरियंस डॉक्टर होने से सेफली एवम सफलता पूर्वक यह ऑपरेशन फ्री में हो जाते हैं। इस जटिल ऑपरेशन की सफलता के लिए जिला अस्पताल प्रबंधन एवं जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर, सतीश सुराना ने बधाई दी है।

### बिजली बंद की शिकायत पर त्वरित निराकरण

**दुर्ग।** भीषण गर्मी में बिजली बंद होने की शिकायत जनता से मिलने पर विधायक गजेंद्र यादव ने संज्ञान में लिया और बिजली कंपनी के प्रबंध निदेशक को फोन कर बोरसी, बघेरा, जवाहर नगर और दुर्ग सिटी चारों जोन में व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देश दिए है। उन्होंने दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यपालन यंत्री को बिजली बंद होने की शिकायत पर त्वरित निराकरण करने तथा 132 केवी ट्रांसमिशन रिले सिस्टम को शीघ्र व्यवस्थित करने निर्देश दिए है। इसके अलावा निगम क्षेत्र के सभी पोल में लाइट चालू करने निगम के अधिकारियो को निर्देश दिए है ताकि रात्रि में आवागमन में नागरिकों को परेशानी न हो।

## निधन

### धन्नूराम पटेल



**दुर्ग।** ग्राम कचान्दुर निवासी धन्नुराम पटेल उम्र 58 वर्षीय पिता स्व. पंचुराम पटेल का शनिवार 25 मई को सबेरे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को कचान्दुर के स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। वे श्रीमती गीता पटेल के पति व योगेश पटेल ( पुत्र) के पिता थे।

### बालमुकुंद हिरवानी



**भिलाई।** ग्राम माहुद अ जिला बालोद निवासी बालमुकुंद हिरवानी 60 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम स्थित मुक्तिधाम में रविवार को किया जाएगा। वे केशव और योगेश हिरवानी के पिता थे। वे भोपाल में एक प्रतिष्ठित कंपनी में कार्यरत थे।

# डायवर्सन कराने की पूरी गारंटी देकर भू माफिया बेच रहे अवैध प्लाटिंग

## रेरा से शिकायत के बाद कार्यवाही, अब सुस्त पड़ा राजस्व महकमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में भूमाफियाओं द्वारा खेती जमीन को टुकडों में बेचने के पहले ग्राहको को डायवर्सन कराने की पूरी गारंटी दे रहे हैं। राजस्व विभाग के सांठगांठ के चलते जिलेभर में अवैध प्लाटिंग का धंधा जोरो पर है। प्रशासन का राजस्व महकमा सिर्फ नोटिस तक ही सीमित रह गया हैं।

विधानसभा फिर लोकसभा के चलते भले ही आचार संहिता लगी हो, लेकिन इस बीच अवैध प्लाटिंग का कुनबा जिले में तेजी से बढ गया। इधर राजस्व अधिकारी आचार संहिता का हवाला देकर हाथ पैर सकेले बैठे रहे।

लेकिन इन दिनों दुर्ग शहर सहित आउटरों के इलाको में जोरो पर अवैध प्लाटिंग हो रही है। खेती जमीन के अस्तित्व को समाप्त करने भूमाफिया किसानों से कौडियों के दाम पर सौदा कर रहे है। कच्चे एग्रीमेंट के जरिए जिले में रोजाना करोडों रूपए का सौदा हो रहा है। बकायदा ऐसे अवैध प्लाटिंग का जिला पंजीयन विभाग में रजिस्ट्री भी की जा रही है।

### ब्रम्हकुमारी और छातागढ मार्ग में पटा खेत

छातागढ मार्ग में खेती जमीन को मिट्टियों से पाटकर अवैध प्लाटिंग किया गया है। इधर चंडी मंदिर के आगे ब्रम्हकुमारी विश्वविद्यालय के किनारे भी प्लाट काटे गए है। जिसकी डायवर्सन करने की गारंटी देकर बेचा जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि, राजस्व विभाग में दलालों की तगडी सांठगांठ होने के चलते वे पहले अवैध प्लाटिंग की रजिस्ट्री कराते है, उसके बाद डायवर्सन भी हो रहा है। इसके आलावा दुर्ग के महमरा, उतई, पाटन, धमधा से बेमेतरा रोड में जेवरा सिरसा, आईआईटी के आसपास सडक पर टेबल लगाकर टुकडों में जमीन सेल कर रहे है। वही पाटन के गांव देमार, पंदर चौक भी प्लाटिंग हो रही है।



### किसानों से कच्चा सौदा, कारोबार कर रहे भूमाफिया

जिले में कृषि भूमि को टुकडे में बेचने भूमाफियाओं को इन दिनों सिंडिकेट बन गया है। कालोनी एक्ट के नियमों से बचने के लिए ऐसे लोग किसानों को शिकार बना रहे है। किसानों की खेती जमीन बेचने लाखों रूपए के लालच देकर उनसे बगैर रजिस्ट्री कराए कोरे कागज में एग्रीमेंट कराया जा रहा है। इस एग्रीमेंट के जरिए जिले के विभिन्न इलाको में अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। विगत दिनों प्रशासन द्वारा करीब दो दर्जन से अधिक को नोटिस दिया गया था। लेकिन आगे कार्यवाही नही हुई है।

## मनमानी : गंगोत्री हॉस्पिटल को नोटिस जारी, लगातार मिल रही शिकायतें

# आयुष्मान कार्ड से इलाज नहीं नगदी वसूल रहे संचालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आम लोगों को सस्ते दर पर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शुरू किए गए आयुष्मान योजना की अस्पताल संचालक जमकर धज्जियां उडाने में उतारू हो गए है। हाल ही में स्वास्थ्स विभाग द्वारा गंगोत्री हॉस्पिटल को नोटिस जारी किया गया है।

गंगोत्री अस्पताल में लगातार लोगों की शिकायत सामने आने लगी थी। मरीज के परिजनों का आरोप है कि, आयुष्मान कार्ड की सुविधा नहीं होने के चलते उन्हें इलाज के नाम पर लाखों रुपए खर्च करना पड़ रहा है। आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा नहीं होने के मामले को स्वास्थ विभाग दुर्ग ने गंभीरता से लेते हुए दूसरी बार गंगोत्री हॉस्पिटल दुर्ग को 24 मई को नोटिस जारी करते हुए 3 दिन के भीतर जवाब मांगा है। शिकयत मिली है कि, दुर्ग स्थित गंगोत्री अस्पताल द्वारा मरीज से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूला जाता है। मरीज के परिजनों की शिकायत थी कि, गंगोत्री हॉस्पिटल दुर्ग में आयुष्मान कार्ड का इस्तेमाल सिर्फ जनरल मेडिसिन के लिए किया जाता है, लेकिन लाखों रुपए खर्च होने वाले उपचार के लिए नहीं किया जाता। दुर्ग जिला प्रशासन अगर गंगोत्री हॉस्पिटल दुर्ग पर कार्रवाई करती है तो ऐसे कई ऐसे लोगों को फायदा होगा जो इलाज के नाम पर आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद अपना घरबार बेचकर रुपए जमा किए है।

### कार्ड होने के बाद भी नगदी इलाज

दुर्ग जिले में स्वस्थ विभाग की टीम ने शहर के गायत्री हॉस्पिटल, रेनबो हॉस्पिटल, भिलाई नगर्सिंग होम सहित कई अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। खामियां पाए जाने पर गायत्री हॉस्पिटल, रेनबो हॉस्पिटल को नोटिस थमाते हुए 2 दिन में जवाब मांगा गया था। इन अस्पतालों पर आयुष्मान कार्ड सुविधा होने के बाद भी नकद लेकर इलाज किया जाता है। दुर्ग जिले के नर्सिंग होम एक्ट के नोडल अधिकारी डॉ. अनिल शुक्ला अपनी टीम के साथ गायत्री हॉस्पिटल, रेनबो हॉस्पिटल, भिलाई नगर्सिंग होम सहित कई अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। गायत्री हॉस्पिटल और रेनबो हॉस्पिटल में कई कमियां मिलीं।

## शिकायत के बाद दूसरी बार नोटिस जारी, नहीं मिला जवाब




### कार्यवाही की दी गई चेतावनी

उच्च चिकित्सा संस्थान के लिये रिफर मरीज को अपने निजी चिकित्सालय में भर्ती करने तथा आयुष्मान कार्ड से नि:शुल्क उपचार प्रदाय नहीं किये जाने के संबंध मे तीन दिवसो के भीतर अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करे। संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नही होने की स्थिति मे आपके विरूद्ध नियमान्मार कार्वाई की जाएगी जिसके लिये आप स्वयं जवाबदेह होंगे।

### मरीज ने बताया नहीं किया गया इलाज

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला दुर्ग ने गंगोत्री हॉस्पिटल को 24 मई को नोटिस जारी करते हुए 3 दिन के भीतर जवाब मांगा है। गंगोत्री अस्पताल को भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि, मो. रजा खान द्वारा प्रस्तुत शिकायत के अनुसार मरीज तौकीर आलम को दिनांक 16 मई 2024 को जिला चिकित्सालय दुर्ग मे उपचार के लिये भर्ती किया गया था तथा स्थिति गम्भीर होने के कारण जिला चिकित्सालय द्वारा उन्हे उच्च चिकित्सा संस्था, मेडिकल कालेज के लिये रिफर किया गया था। चूंकि चिकित्सालय जिला चिकित्सालय से उच्च चिकित्सा संस्थान नही है, फिर भी उक्त मरीज को आपके चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती किया गया तथा आयुष्मान कार्ड से नि:शुल्क उपचार की सुविधा प्रदाय नहीं किया गया।

### नहीं मिले थे एक भी एमबीबीएस डाक्टर

पूर्व में भी आपके चिकित्सालय में आयुष्मान कार्ड से उपचार की शिकायते प्राप्त हुई थी। जिनका जवाब संतोषजन नहीं पाया गया। इसके पूर्व भी चिकित्सालय के औचक निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में कोई भी एमबीबीएस चिकित्सक नहीं उपलब्ध थे। जिला चिकित्सालय से रिफर मरीज को उच्च संस्था में भेजने के बजाय गंगोत्री अस्पताल मे भेजा जा रहा है। जिससे कई तरह के सवाल खडे हो रहे है। जबकि जिला अस्पताल से मरीज को उच्च चिकित्सा संस्था, मेडिकल कालेज के लिये रिफर करने के बजाय यहां भेजा जा रहा है।

**नोटिस जारी**

गायत्री हास्पिटल में बडी खामियां मिली थी। पहले नोटिस का जवाब नही मिला तो दूसरी बार नोटिस दिया गया है।
-**डां अनिल शुक्ला,** नोडल अधिकारी, नर्सिंग होम

## अपहरणः हिस्ट्रीशीटर समेत दोस्त गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ठेकेदार का अपहरण कर कमरे में बंद कर पिटाई करने के मामले में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर समेत आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए क्राइम डीएसपी हेम प्रकाश नायक ने खुलासा करते हुए बताया कि निगम के ठेकेदार रिसाली निवासी विपीन कुमार सिरसाम ने शिकायत किया था कि 23 मई की रात 10 बजे घर के सामने नगर नगर निगम से लगे तामेश दुकान के पास दोस्त पंचराम देवांगन, आकाश सिंह राजपूत, आशीष कुर्रे के साथ बातचीत कर रहा था। इस दौरान नीले रंग की कार से पिंकी राय उर्फ विजेन्द राय, शैलेष निर्मलकर , ओम चौधरी तीनों अपने हाथ में लोहे का रॉड लेकर गाली-गलौच करजान से मारने की धमकी दी। इसके अलावा ठेकादार जब इसका विरोध किया तो उसके साथ लोहे के राड से मारपीट कर बंधक बनाकर अपने कमरे में उसे लेकर गए। जहां ठेकेदार को जमकर पिटाई की गई। घटना में ठेकेदार को दाहिना भुजा, पीठ, कमर, कलाई में चोट आई है। आरोपियों ने जबरन ठेकेदार को कार में बिठाकर स्टेशन मरोदा उमरपोटी रोड पर स्थित राय ट्रेडर्स दुकान के कमरे में लेकर गए। जहां शटर को भीतर से बंद किया। बल भर पिटाई करने के बाद ठेकेदार को छोड़ दिया गया। थाना प्रभारी नेवई आनंद शुक्ला के नेतृत्व में आरोपियों को पकड़ने टीम बनाई गई। सूचना पर पुलिस ने आरोपी गणेश नगर रिसाली निवासी पिंकी राय उर्फ विजेन्द्र राय नेवई बस्ती बालोद आरोपी शैलेष निर्मलकर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों से कार, लोहे का राड 2 नग जब्त किया है। मामले में 1 आरोपी अब भी फरार है। जिसका नाम ओम चौधरी है। आरोपी पिंकी राय नेवई का गुण्डा बदमाश है।

- नेवई थाना क्षेत्र की है घटना, तीन शामिल

### लूटपाट करने वाले दो युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** कार से दोस्त को घर छोड़ने जा रहे युवक के साथ मारपीट कर लूटपाट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 341, 394, 427 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मैत्रीकुंज प्रगति नगर रिसाली निवासी प्रियांशु दुबे रुआबांधा में अपने कार से दोस्त को छोड़ने जा रहा था। इस दौरान रुआबांधा के युवक कुमार साहु उर्फ लद्दी और उसके साथी ने मिलकर पहले कार रोका। फिर कार में जमकर तोड़फोड़ कर पीड़ित से मारपीट कर लूटपाट कर फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी रही। सूचना पर पुलिस ने कुमार साहु उर्फ लक्की, अर्जुन भारती को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने मोबाइल नगदी रकम जब्त किया है। आरोपियों ने पीड़ित से 5 हजार रुपए लूट कर फरार हुए थे। पीड़ित ने तुरंत डायल 112 को सुचना दी थी।

### नवविवाहिता के आत्महत्या मामले में पति के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई


दहेज के लिए प्रताड़ित होने पर नवविवाहिता के फांसी लगाने मामले में पुलिस ने पति के खिलाफ धारा 304 बी के तहत जुर्म दर्ज किया है।कोतवाली थाना प्रभारी आंकाक्षा पाण्डेय ने बताया कि मृतिका अर्पिता राजपूत ने 23 मई को अपने मकान मे साडी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। उसे उताकर पति सौरभ राजपूत के द्वारा आरोग्यम अस्पताल दुर्ग लेकर गया। जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को जानकारी दी गई।

शव के पीएम की विडीयोग्राफी और घटना स्थल का निरीक्षण भी किया गया। मृतिका के पिता राजकुमार सिंग ठाकुर का बयान भी लिया गया। जिसमें बताया कि बेटी अर्पिता राजपूत का विवाह सामाजिक रीति रिवाज से 2023 को जवाहर नगर दुर्ग निवासी सौरभ राजपूत के साथ हुआ था। विवाह के बाद दमाद लगातार बेटी को को मानसिक शारीरिक रूप से प्रताडित किया करता था। बेटी अर्पिता को उसके मोबाईल पर काल किया लेकिन उसने रिसीव न करने पर उसकी सास चंदा ठाकुर के मोबाईल नंबर कल किया। मगर अर्पिता से बात नहीं कराया गया। अर्पिता के मायके वाले नोवापारा खरियार रोड के रहने वाले है।

## शिरडी में दी हाजी मिर्जा बेग ने प्रस्तुति, झूमे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इंडिया दुर्ग और एवरग्रीन भक्ति जागरण ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में शताब्दी इंटरनेशनल मंच साईं बाबा दरबार शिर्डी में विगत 21 मई 2024 को भजनांजली की प्रस्तुति दी गई। वर्ष 2018 में हाजी मिर्ज़ा साजिद बेग साहब के सफलतम नेतृत्व के बाद वर्ष 2024 में पुनः सफल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके लिए शिर्डी सांई संस्थान के द्वारा हाजी मिर्ज़ा साजिद बेग साहब का शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्रुप के टीम प्रबंधक गणेश गायकी, ननकी गुलाब वर्मा डायरेक्टर द्वय एवं गायक हाजी मिर्ज़ा साजिद बेग, गुलाब वर्मा, महेश वर्मा, महिला गायिका नीतू गोस्वामी, वाद्य यंत्र वादक राजू चौहान, अंगद सोनू, तांडी बप्पी, गुलाब वर्मा ने अपनी शानदार प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हाजी मिर्जा की प्रस्तुति पर सांसद विजय बघेल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, उद्यानिकी विभाग के डीजीएम डां नवीन जैन, मैत्री बाग के सहायक इंचार्ज ललित यादव, रजनीकांत वर्मा, रायपुर दूरदर्शन केन्द्र के मोहम्मद खान, संजय बोहरा छग मंच के अध्यक्ष ईश्वर राजपूत व तुलसी सोनी सहित अन्य ने बधाई दी।



### मकान का ताला टूटा 85 हजार का सामान पार

**भिलाई।** मकान में ताला जड़कर ससुराल जाने वाले परिवार के यहां सोना चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान पार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि कुम्हारी निवासी प्रकाश कुमार यादव जिला सहकारी बैंक रायपुर में कम्प्युटर मे तकनीकी सहायक पद पर संविदा में नौकरी करता है। परिवार समेत 22 मई को जगदलपुर गए हुए थे। इस दौरान पडोसी ने कॉल कर बताया कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। मकान का सारा सामने गायब मिला। अज्ञाच चोरे ने आलमारी के लाकर से सोने चांदी के जेवरात, मोबाइल, एलईडी समेत अन्य सामान चोरी कर चोर फरार हो गए। चोरी हुए सामनों की कीमत 85 हजार रुपए आंकी गई है।

### शनि जन्मोत्सव 6 जून को

**दुर्ग।** आगामी छः जून को वृंदा चौक हाट बाजार बोरसी में शनि देव जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान शनि तेल अभिषेक, आरती और शनि चालीसा, भजन महाआरती व भंडारा का आयोजन किया जाएगा। ज्योतिशाचार्य पं संजय शर्मा ने बताया कि, अधिक से अधिक संख्या में श्रध्दालुओं से उपस्थिति की अपील की गई है। आयोजक समिति जन्मोत्सव को लेकर व्यापक पैमाने में तैयारी कर रही है। कार्यक्रम के लिए श्रद्धालुओं को पंपलेट भी बांटा जा रहा है।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

## वर्ष 2023 खरीफ सीजन का किसानों को नहीं मिला बीमा

# फसल बीमा की सूची सार्वजनिक नहीं कर रही बीमा कंपनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वर्ष 2023 खरीफ के तहत प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने वाले किसानों को अब तक बीमा की राशि नही मिली है।

- कृषि विभाग को भी नहीं दी जा रही जानकारी

एचडीएफसी बीमा कंपनी द्वारा दुर्ग जिले के किसानों से 74 करोड रूपए वसूली की है। लेकिन वर्ष 2024 खरीफ सीजन आने को है, लेकिन कंपनी ने बीमा की सूची जारी नही की है।

हर साल अप्रैल माह के बाद बीमा की राशि मिल जाती थी। किसानों ने बताया कि, गांव में बीमा कंपनी पात्र किसानों के नाम की सूची भी चस्पा करती थी। लेकिन इस बार फसल बीमा के पात्र किसानों का नाम जारी नही किया जा रहा है। किसाना लगातार कृषि विभाग से संपर्क कर रहे है। लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नही दिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि, बीमा कंपनी विवादों से बचने के लिए इस बार किसानों के खाते में राशि जमा कर रही है। इस मामले में डीडीए ललित मोहन भगत ने भी बताया कि, कंपनी धीरे धीरे कर किसानों के खाते में राशि जमा कर रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि कंपनी सूची जारी क्यों नही कर रही है।

### रबि सीजन का भी नही मिला, वसूले 27 करोड का बीमा

इस रबि (2024) सीजन में जिले के किसानों ने 27 करोड रूपए का प्रीमियम जमा किया है। किसानों द्वारा चना, गेहूं के साथ ही दलहन फसल में बीमा कराया है। अफसरों ने बताया कि, ऐसे किसान जो फोन के जरिए सूचना नही दे पाए है। उन्हें भी फसल बीमा का लाभ मिलेगा। लेकिन उत्पादन के बाद ऐसे किसानों को नुकसान होने पर बीमा कंपनी द्वारा क्लेम की राशि जारी की जाएगी।



### समय पर हो जारी

हर साल बीमा कंपनी द्वारा बीमा दावा जारी किए जाने में देरी करती है। जिसके कारण किसानों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पडता है। कंपनी की शिकायत की जाएगी। -**विनायक ताम्रकार,** अध्यक्ष, जिला भाजपा संगठन

### खरीफ के फसल बीमा का पता नहीं

वर्ष 2023 खरीफ सीजन के लिए जिले के 81625 किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रीमियम जमा किया है। इसमें 81625 किसानों ने 11 करोड 16 लाख रूपए जमा किया है। वही राज्य 31 करोड 45 लाख और केन्द्र ने भी 31 करोड 45 लाख रूपए (तीनों का शेयर) मिलाकर कुल 74 करोड रूपए बीमा कंपनी को प्रीमियम दिया गया है। जिले में ऋणी 323316 और अऋणी 3759 किसान शामिल है। लेकिन खरीफ की कटाई बीतने के बाद नया वित्तिय वर्ष शुरू हो गया है। इसके बाद भी अब तक बीमा कंपनी ने बीमा राशि जारी नही की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024

जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....

सबसे कम राशि पर

माता वैष्णव देवी

हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)

राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)

छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा

Since-2007

RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411